# शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा

---

**Que.1. सूचना: 'शाहंंशाह अकबर को कौन सिखाएगा?' लोककथा के अंश का वाचन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **[Marks :(4)]**

**"तब तो तुम भी एक विद्यार्थी हो, बीरबल? मैं तो सोचता था कि तुम्हें कोई कुछ नहीं सिखा सकता!" "बात इससे उलट है जहाँपनाह, मैं तो हमेशा ही सीखता हूँ।" बीरबल ने उत्तर दिया।**

**रेखांकित शब्द के बदले 'मैं' का प्रयोग करके वाक्य बदल कर लिखें।**

**1. तुम भी एक विद्यार्थी हो ।**

**2."हमेशा ही सीखना"से क्या मतलब है? लोककथा के आधार पर टिप्पणी लिखें।**

**Ans.** 1. मैं भी विद्यार्थी हूँ।

2. प्रस्ताव का विश्लेषण करते हुए उचित उदाहरण और शीर्षक के साथ टिप्पणी लिखी है।

आंशिक रूप से टिप्पणी लिखी है।

टिप्पणी लिखने का प्रयास किया है।

**Que.2. सूचना: 'शाहंंशाह अकबर को कौन सिखाएगा?' लोककथा के अंश का वाचन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **[Marks :(5)]**

**इस दरबार में मौजूद हर शख्स आपको कुछ न कुछ सिखा सकता है। हर एक ऐसा कुछ जानता है जो दूसरों को नहीं पता है। प्रत्येक के पास कुछ हुनर है, कुछ ज्ञान है, दिल या दिमाग की कोई ख़ासियत है। तो सभी शिक्षक भी हैं और विद्यार्थी भी।**

**1. हर एक कुछ जानता है।**

**रेखांकित शब्द के बदले ' मैं ' का प्रयोग करके वाक्य बदल कर लिखें।**

**2.' हुनर' का समानार्थी शब्द है..............।**

**(क) प्यार (ख) घमंड (ग) क्षमता (घ) अलसता**

**3. 'सभी शिक्षक भी हैं और विद्यार्थी भी' इस प्रस्ताव से आप कहाँ तक सहमत हैं? टिप्पणी लिखें।**

**Ans**. 1. मैं कुछ जानता हूँ।

2. (ग) क्षमता

3. प्रस्ताव का विश्लेषण करते हुए उचित उदाहरण और शीर्षक के साथ टिप्पणी लिखी है।

आंशिक रूप से टिप्पणी लिखी है।

टिप्पणी लिखने का प्रयास किया है।

**Que.3. सही मिलान करें।** **[Marks :(4)]**

| | |
|---|---|
| **किसान** | **कपड़े धोनेवाली** |
| **दुकानदार** | **खेती करनेवाला** |
| **लिपिक** | **दुकान चलानेवाला** |
| **धोबिन** | **लेखे-जोखे का काम करनेवाला** |

**Ans.**

| | |
|---|---|
| किसान | खेती करनेवाला |
| दुकानदार | दुकान चलानेवाला |
| लिपिक | लेखे-जोखे का काम करनेवाला |
| धोबिन | कपड़े धोनेवाली |

**Que.4. सूचना: 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा?' लोककथा के अंश का वाचन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **[Marks :(5)]**

**"मैंने तुमसे ऐसे लोगों को लाने के लिए कहा था जो मुझे कुछ सिखा सकें और तुमने मेरा महल, राज्य की आधी जनता से भर दिया? अब जवाब दो!" "माफी चाहता हूँ, जहाँपनाह, मैंने तो बस, आपके आदेशों का पालन किया है।" बीरबल ने जवाब दिया।**

**1. अकबर ने बीरबल को क्या आदेश दिया था?**

**2. प्रस्तुत प्रसंग पर दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें।**

**Ans.** 1. सही उत्तर लिखा है।

2. सहज भाषा और शैली में स्वाभाविकता के साथ बातचीत लिखी है।

बातचीत के उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से सही हैं।

बातचीत के कुछेक संकेत सही निकले हैं।

बातचीत लिखने की कोशिश की है ।

**Que.5. सूचना: 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा?' लोककथा के अंश का वाचन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **[Marks :(3)]**

**"बीरबल, मैं बहुत चतुर नहीं हूँ। बहुत-सी ऐसी चीज़ें हैं जिनके बारे में मैं नहीं जानता। मैं हर चीज़ को सीखना चाहता हूँ। कल से मेरी पढ़ाई शुरू हो, इसका इंतज़ाम करो।"**

1. **सही उत्तर चुनकर लिखें। 1**

**2. "कल से मेरी पढ़ाई शुरू हो, इसका इंतज़ाम करो।"- यह किसने किससे कहा?**

**(क) अकबर ने विद्वानों से (ख) अकबर ने बीरबल से**

**(ग) बीरबल ने अकबर से (घ) बीरबल ने विद्वानों से**

**2. "मैं हर चीज़ को सीखना चाहता हूँ।"- इस कथन से अकबर का कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है?**

**Ans.** 1. (ख) अकबर ने बीरबल से

2. अकबर के मनोभाव का विश्लेषण करके सही उत्तर लिखा है।

उत्तर लिखने का प्रयास किया है।